संoसंo—16 / एम.1—78 / 2025

बिहार सरकार

स्वास्थ्य विभाग

प्रेषक,

उपेन्द्र राम

सरकार के अवर सचिव।

सेवा में,

महालेखाकार(ले० एवं हक०),

बिहार, पटना।

प्रभारी पदाधिकारी,

वित्त (वै०दा०नि०को०) विभाग, ऐनेक्सी ब्लॉक 3, भूतल,

पुराना सचिवालय, पटना—800015

पटना, दिनांक—

विषयः— **पश्चिम चम्पारण, बेतिया जिला में कार्यरत नवनियुक्त आयुष फिजिशियन (होमियोपैथिक) के द्वारा सिविल सर्जन कार्यालय में पदस्थापन की प्रतीक्षा में बितायी गयी अविध का विनियमन के संबंध** में।

प्रंसगः— **विशेष सचिव, वित्त (वै०दा०नि०को०) विभाग का पत्रांक—PCFC/MED/RACS/2024/ 0640/2088(25) dated-27-12-2024**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रसंगिक पत्र के संबंध में कहना है कि बिहार तकनीकी सेवा आयोग से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में स्वास्थ्य विभागीय अधिसूचना संख्या—304(आ.चि.), दिनांक—14.03.2024 द्वारा आयुष फिजिशियन (होमियोपैथिक) को पूर्णतः औपबंधिक रूप से नियुक्त करते हुए 15 दिनों का चिकित्सीय प्रशिक्षण / जानकारी लेने हेतु विभिन्न जिलों में पदस्थापित किया गया।

आदर्श आचार संहिता के प्रभावी रहने तथा भारत निर्वाचन आयोग से सहमति नहीं मिलने के कारण आदर्श आचार संहिता के समापन के उपरांत स्वास्थ्य विभागीय अधिसूचना सं0—746(आ. चि.), दिनांक—19.07.2024 द्वारा आयुष फिजिशियन (होमियोपैथिक) को विभिन्न चिकित्सीय संस्थानों यथा सदर अस्पतालों एवं अनुमण्डल अस्पतालों में पदस्थापित किया गया, जिसके आलोक मे सभी आयुष फिजिशियन (होमियोपैथिक) योगदान देकर कार्यरत है। इस प्रकार सभी आयुष फिजिशियन (होमियोपैथिक) सिविल सर्जन कार्यालय में अनिवार्य पदस्थापन की प्रतीक्षा में रहे, जिसमें उनका कोई दोष नहीं है।

01/06/2025

विभागीय पत्रांक–1397(आ०चि०), दिनांक–20.12.2024 द्वारा नवनियुक्त चिकित्सकों के पदस्थापन की अनिवार्य प्रतीक्षा में बितायी गयी अवधि को कतिपय शर्तों के साथ विनियमन किया जा चुका है। वित्त (वै०दा०नि०को०) विभाग के प्रासंगिक पत्र के आलोक में जिन चिकित्सा पदाधिकारियो द्वारा विनियमन की शर्तें पूरी कर ली गयी हैं उनका समेकित विनियमन सूचना अवधि सहित निम्नवत है :–

क्र० सं०	पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम	वर्तमान पदस्थापन स्थल	अवधि जिनका विनियमन किया जाना है।	अवकाश उपभोग की सूचना	यदि वेतन पुर्जा निर्गत हो गया है, तो वेतन पुर्जा संख्या	यदि वेतन पुर्जा निर्गत नहीं हुआ है तो PRAN/GPF संख्या	सेवा विनियमन के प्रकार
1	2	3	4	5	6	7	8
1	डा० जय राम कुमार, आयुष फिजिशियन (होमियोपैथ)	अनुमण्डलीय अस्पताल, नरकटियागंज, पश्चिम चम्पारण	दिनांक– 15.03.2024 से 19.07. 2024 तक 127 दिन	-	16112425 056209	–	पदस्थापन की प्रतीक्षा अवधि

उक्त अवधि में उनकी कोटि का वेतन देय होगा।

प्रस्ताव में आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति प्राप्त है।

विश्वासभाजन

ह०/–

सरकार के अवर सचिव

ज्ञापांक–16/एम.1–78/2025 –854 (आ॰चि॰) **पटना, दिनांक–** 01.6.2026

प्रतिलिपिः–सिविल सर्जन, पश्चिम चम्पारण, बेतिया/कोषागार पदाधिकारी, पश्चिम चम्पारण, बेतिया/संबंधित प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, पश्चिम चम्पारण, बेतिया/उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, पश्चिम चम्पारण, बेतिया/संबंधित आयुष फिजिशियन(होमियोपैथिक) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः–आई0टी0 मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एव विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

01/06/2026

सरकार के अवर सचिव